# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# Virat Kohli के One8 Commune रेस्टोरेटं पर लगा ताला, कर्ज विवाद के बाद तोड़ा रिश्ता


Sanket Morankar


Published on 22 Apr 2026





भारतीय क्रिकेटर Virat Kohli से जुड़ा मशहूर रेस्टोरेंट *One8 Commune* इन दिनों बड़े विवाद में है। कोर्ट के आदेश के बाद इस रेस्टोरेंट पर ताला लगा दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, रेस्टोरेंट के संचालकों पर करीब 2 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया था, जिसमें किराया, मेंटेनेंस चार्ज और अन्य भुगतान शामिल हैं। लगातार नोटिस देने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर बिल्डिंग मालिक ने कोर्ट का रुख किया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

## Virat Kohli ने तोड़ा नाता

इस पूरे विवाद के बीच Virat Kohli ने भी One8 Commune से अपना संबंध पूरी तरह समाप्त कर लिया है। पहले इस रेस्टोरेंट से उनका ब्रांड *One8* जुड़ा हुआ था, लेकिन अब उन्होंने अपनी हिस्सेदारी और ब्रांड नाम दोनों हटा लिए हैं।

## 6 महीने से किराया बकाया

सूत्रों के मुताबिक, रेस्टोरेंट का संचालन करने वाली कंपनी पिछले लगभग 6 महीनों से किराया नहीं चुका पा रही थी। इसके अलावा रेवेन्यू शेयर और अन्य खर्चों का भुगतान भी लंबित था। आर्थिक नुकसान और ग्राहकों की घटती संख्या को इस स्थिति का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## पहले भी विवादों में रहा

One8 Commune इससे पहले भी नियमों के उल्लंघन को लेकर चर्चा में रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा फायर सेफ्टी और अन्य मानकों को लेकर नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

कब खुलेगा रेस्टोरेंट ?

फिलहाल रेस्टोरेंट तब तक बंद रहेगा, जब तक बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं किया जाता।

इस घटना ने न केवल रेस्टोरेंट इंडस्ट्री बल्कि सेलिब्रिटी ब्रांडिंग पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, जहां किसी बड़े नाम से जुड़ा होना सफलता की गारंटी नहीं होता।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.